## खबर संक्षेप

### महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा 28 को

**मण्डला।** 28 जुलाई को महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। झंडा यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन महोत्सव झंडा यात्रा का आयोजन विगत कई वर्षो से सामाजिक युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। इस बार महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा महिष्मति घाट मंडला से दोपहर 3 बजे से निकाली जाएगी। वहीं शाम 5 बजे उदय चौंक में सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं पचरा गीत गायक छत्तीसगढ़ पंडित युवराज पांडेय के द्वारा भजन गीत की शानदान प्रस्तुति दी जाएगी। श्री पांडेय छत्तीसगढ़ के गौरव एवं राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य हैं। इस आयोजन की सम्पूर्ण तैयारी अंतिम चरण में बताई जा रही है बीते दिनों युवाओं ने किंनर समाज को भी आमंत्रित किया है। पालकी शोभायात्रा के दौरान विशेष आतिशबाजी पुष्पवर्षा के साथ नगर के अनेक स्थानों में स्वागत कार्यक्रम का भी आयोजन सामाजिक संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आकाश चौरसिया ने बताया कि उदय चौंक में भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। जहां पर भजन गीत का शानदान आयोजन होगा साथ ही बाबा महाकाल की महाआरती होगी। पंडित युवराज पांडे और उनकी टीम के द्वारा इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई जा रही है। उदय चौंक में महाआरती पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया है। धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की गई है।

## संलग्नीकरण की विसंगतियों से शिक्षा व्यवस्था में संकट

# पीएम श्री विद्यालयों को भी नहीं छोड़ा

*** सेमरखापा में शिक्षकों की कमी से जूझ रहा विद्यालय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

शिक्षा को मूलभूत अधिकार कहा जाता है, लेकिन जब वही शिक्षा तकनीकी जटिलताओं और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ जाए, तो हालात चिंताजनक हो जाते हैं। मंडला जिले के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा में इन दिनों ऐसी ही स्थिति बनी हुई है।

विद्यालय में पढ़ाई केवल कक्षा में नहीं, जद्दोजहद और जुगाड़ से चल रही है कारण है विषयवार शिक्षकों की भारी कमी और पोर्टल पर झूठा अंकित भरे हुए पद, जिससे अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति रुक गई है।




### संलग्नीकरण बना मुख्य बाधा

जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित इस शाला में कई शिक्षक अन्य विद्यालयों में संलग्न हैं, किंतु उनका वेतन मूल पदस्थापन शाला से जारी होने के कारण पोर्टल पर पद भरे दिख रहे हैं, जबकि विद्यालय में वे वास्तव में अनुपस्थित हैं। इस तकनीकी विसंगति ने स्कूल को संकट में डाल दिया है।

### रिक्त पदों की सूची- लेकिन पोर्टल पर दिख रहे 'भराव'

गणित शिक्षक – 01 (हाईस्कूल), हिन्दी शिक्षक – 01 (माध्यमिक), अंग्रेजी शिक्षक – 01 (माध्यमिक), प्राथमिक शिक्षक– 02 (प्राथमिक) इन पदों के अभाव में छात्र-छात्राएँ अधूरी पढ़ाई और अस्पष्ट भविष्य के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

### अभिभावकों में बढ़ता असंतोष, शिक्षा से उठता भरोसा

विद्यालय में पढ़ाई न होने से प्राथमिक स्तर के बच्चों के परिजन टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) लेकर उन्हें अन्य स्कूलों में भेजने लगे हैं। ₹हम बच्चों को बिना पढ़ाई स्कूल क्यों भेजें?₹, यह सवाल अब हर अभिभावक की आवाज बन चुका है।

### शिक्षा की गिरती साख, प्रशासन की चुप्पी

विद्यालय प्रबंधन की ओर से कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति शासन के नियमानुसार तभी संभव है जब पोर्टल पर पद रिक्त दिखें, जो कि संलग्नीकरण के कारण संभव नहीं हो पा रहा।

### मांग-त्वरित समाधान

पोर्टल पर संलग्न शिक्षकों का डेटा यथाशीघ्र अपडेट किया जाए, रिक्त पदों को स्वीकृत कर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति प्रदान की जाए, विद्यालय में स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना को प्राथमिकता में रखा जाए।

यदि अब भी शिक्षा विभाग ने सजगता नहीं दिखाई, तो भविष्य में इस क्षेत्र के बच्चों का शिक्षा से विश्वास उठ जाएगा। यह केवल एक विद्यालय की समस्या नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल है।

### इनका कहना है :-

*सेमरखापा जैसे पिछड़े क्षेत्र के बच्चों से उनका भविष्य छीनना एक सामाजिक अपराध के बराबर है। जब शिक्षक विद्यालय में नहीं हैं, फिर पोर्टल पर नाम क्यों बने हैं? यह किसी बड़ी चूक की ओर इशारा करता है। जब तक पोर्टल अपडेट नहीं होता, तब तक अतिथि शिक्षकों की अनुमति दी जानी चाहिए। यह कोई कृपा नहीं, बच्चों का हक है।*

*-सुशील भारतीया,*
**ग्राम पंचायत सेमरखापा**
**जनपद पंचायत मण्डला**

## नारायणगंज के चिरईडोंगरी सेक्टर में नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा



*** 100 महिलाओं को दिए गए 1100 पौधे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पर्यावरण संरक्षण और जन जागरूकता के लिए जिले भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पर्यावरण संरक्षण के तहत हरियाली यात्रा के लिए नई पहल करते हुए ग्राम की महिलाओं को नवांकुर सखी बनाया जा रहा है। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी के साथ सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी जिससे पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों में सफलता मिल सकेगी।

नारायणगंज विकासखंड के चिरईडोंगरी सेक्टर में हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर प्रगति जन कल्याण समिति द्वारा नवांकुर योजना के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हरियाली यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम के सरपंच, जन अभियान परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। बताया गया कि इस पहल के तहत चिरईडोंगरी सेक्टर में 100 महिलाओं को नवांकुर सखी बनाया गया। प्रत्येक नवांकुर सखी को 11 पौधे भेंट किए गए, इस प्रकार कुल 1100 पौधों का वितरण हुआ। इन महिलाओं को न केवल पौधे दिए गए, बल्कि उन्हें इन पौधों के संरक्षण और देखभाल के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य हरियाली यात्रा रैली के साथ हुई, जिसने पूरे गांव में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलाया। रैली के बाद एक देव स्थान से दूसरे देव स्थान तक ग्राम भ्रमण किया गया, जिसके दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही ग्राम स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर जिला समंवयक के साथ विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार मेहरा, सरपंच कृपाल सिंह कुशराम, प्रगति जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश पावले, सचिव इंद्रा उइके, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से परमू सिंह, पार्वती, वेदप्रकाश, निर्मला, ग्राम विकास सचिव और सहायक सचिव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रतिदिन लगेंगे राजस्व न्यायालय, पूरे दिन होगी सुनवाई- कलेक्टर






*** पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने दी जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए राजस्व न्यायालय प्रतिदिन लगाने का निर्णय लिया है। इसके परिपालन में मण्डला के सभी तहसीलदार न्यायालयों में अब दैनिक आधार पर पूरे दिन राजस्व प्रकरणों की सुनवाई होगी। जिले की सभी तहसीलों में इसके लिए तहसीलदारों को निर्देश दिए जा चुके हैं। राजस्व न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करने वाले राजस्व अधिकारियों को गैर न्यायालयीन कार्यों से मुक्त रखा जाएगा। इस प्रकार के गैर न्यायालयीन कार्यों जैसे प्रोटोकॉल, लॉ एंड ऑर्डर, भारतीय न्याय संहिता, अतिक्रमण तथा आवंटित थाना आदि कार्यों के लिए पृथक से राजस्व अधिकारियों को तैनात किया गया है। यह जानकारी कलेक्टर ने जिला योजना भवन में पत्रकार वार्ता में मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों को दी।

कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों को इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश अनुसार अनुविभाग मण्डला की मण्डला तहसील में राजस्व न्यायालय के लिए प्र. तहसीलदार श्री हिमांशु भलावी और बम्हनी तहसील के लिए नायाब तहसीलदार श्री हीरालाल तिवारी को आदेशित किया गया है जबकि अनुविभाग मण्डला के गैर राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्र. तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रे को लगाया गया है। इसी प्रकार नैनपुर अनुविभाग में श्री हरीसिंह धुर्वे तहसीलदार नैनपुर एवं सुश्री पूजा राणा नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी न्यायालयीन कार्य में संबद्ध रहेंगे, जबकि अनुविभाग की दोनों तहसीलों के गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री कैलाश प्रसाद कौल उत्तरदायी होंगे। नारायणगंज के लिए श्री संगम पटले तहसीलदार नारायणगंज तथा श्री चैनसिंह मार्को प्रभारी नायब तहसीलदार बीजाडांडी राजस्व न्यायालय के काम करेंगे, जबकि गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री आलोक सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार बबलिया को जिम्मेदारी दी गई है।

इसी तरह तहसील निवास के राजस्व के लिए श्री संदीप नागोसे तहसीलदार निवास तथा गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री आलोक सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार बबलिया को नियुक्त किया गया है। घुघरी अनुविभाग के राजस्व न्यायालयों के लिए श्री चंद्रकुमार वट्टे प्रभारी तहसीलदार घुघरी एवं श्री धर्मेन्द्र साहू प्रभारी नायब तहसीलदार मोहगांव जबकि गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री इंद्रजीत सिंह सहायक अधीक्षक भू अभिलेख उत्तरदायी होंगे। इसी तरह बिछिया अनुविभाग के अंतर्गत राजस्व न्यायालय के कार्यों में श्री शंकरलाल मरावी प्रभारी तहसीलदार बिछिया, श्री दिनेश वरकड़े नायब तहसीलदार मवई एवं श्री अजय श्रीवास्तव प्रभारी नायब तहसीलदार अंजनिया संबद्ध किए गए हैं। गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री इंद्रजीत सिंह सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मंडला को आदेशित किया गया है।

पत्रकार वार्ता के दौरान जिला योजना भवन में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार (राजस्व) मंडला श्री हिमांशु भलावी, अतिरिक्त तहसीलदार नजूल मंडला श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रे सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## एक घंटे की बारिश से 4 घंटे बिजली रही बंद, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

विगत 23 जुलाई 2025 की शाम 4 बजे अचानक काली धुंध के साथ बदलो की तेज गर्जना के ओर बिजली चमकी काली धुंध छाई ओर 1 घंटे की तेज बारिश हुई जिससे कुछ दिनों की राहत के बाद दिन भर धूप के साथ मौसम खुला रहा और शाम होने से पहले ही बदलो ने अपना रुख बदला तेज बारिश ने जहां जनजीवन अस्त व्यस्त किया वही बिजली की तेज गति और बदलो की तेज गर्जना ने सबको चौका दिया, कड़कती बिजली गिरने से शाम से लेकर रात्रि 9, 30 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट खोजते नजर आए पवार हाउस में ट्रांसफार्मर सुधरने के बाद बिजली आई तेज बारिश के साथ जन जीवन अस्त-व्यक्त कर दिया।





### शनिवार को निकलेगी कांवड़ यात्रा......................................

**मण्डला।** शनिवार को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया गया है। सांई कृपा मंगल भवन झूला पुल मुन्नीबाई धर्मशाला के सामने शिव मंदिर से दोपहर 1 बजे कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि मुन्नी बाई धर्मशाला झूला पुल तिराहा से प्रारंभ होकर बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौंक, बस स्टैंड, अंदर वालीं रोड से ज्ञानदीप स्कूल, नगर पालिका, बड चौराहा अंबेडकर चौक, उदय चौक, सराफा, बुधवारी होते हुए किला घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में पहुंचेगी। जहां पर पूजन आरती के बाद कांवड़ यात्रा का समापन होगा। बता दें प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बच्चों और मातृ-शक्तियों के द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है और रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने धर्मप्रेमियो से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में किया गया पौधारोपण

**मण्डला।** एक पेड़ माँ के नाम पेड़ लगाना सबका काम, इस कार्य को साकार करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडल में प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता एवं डॉ. जुडिका कुजूर इको क्लब के संयोजन एवं निर्देशन में महाविद्यालय में वृहद स्तर से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को हरियाली अमावस्या के दिन महाविद्यालय में आए बलराम यादव सहायक संचालक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंडला नवनीत कुमार ओझा रैंप कंसलटेंट के द्वारा महाविद्यालय परिसर में छायादार फलदार एवं औषधि पौधे का वृक्षारोपण किया गया प्राचार्य ने स्वयं तुलसी के पौधे की संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी लेते हुए महाविद्यालय के प्रत्येक सदस्य को पौधारोपण में एक-एक पौधा गोद लेकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर डॉ. टी.पी. मिश्रा डॉक्टर बी टेंभरे गुलबहार खान एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**विडम्बना** | **मृत्यु उपरान्त संबल कार्ड बनवाने किया जा रहा था प्रयास, लेकिन होना पड़ा निराश।**

# मृतक परिवार बेखबर, हो गई सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत

*** पूर्व पार्षद पर लगे आरोप, मामला पॅहुचा थाने।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला






नगर परिषद बम्हनीबंजर इन दिनों मृतक सुरेश वरकड़े के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं संबल कार्ड बनाने के आवेदन पर परेशान है। यहां के वार्ड क्रमांक 13 टिकरी के निवासी सुरेश वरकड़े का निधन 29 अक्टूबर 2024 को हो गया था, जिसके मृत्यु प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए मृतक की पत्नि भागीरथी द्वारा दिनांक 05.11.2024 को आवेदन दिया गया था। और उक्त तिथि पर ही मृतक की दूसरी पत्नि के पुत्र राहुल वरकड़े द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र न देने के लिए आवेदन लगाया गया था। इसी बीच पूर्व पार्षद विनय चक्रवर्ती की मामले में एण्ट्री हो जाती है और अब इन पर आरोप लगाये गए हैं कि इनके द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मृतक की पहली पत्नि भागीरथी से एक कोरे कागज पर अंगूठा लगवाकर अन्य दस्तावेज लिए गये और मृतक की पत्नि के नाम पर संबल कार्ड बनवाने का आवेदन दिनांक 30 जून 2025 को दिया गया। तब प्रकरण के संबंध में नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा मौका स्थल की जॉच कर पंचनामा बनाया गया जिसमें पाया गया कि सुरेश पिता चमरा वरकड़े का निधन 29 अक्टूबर 2024 को हो चुका है और संबल कार्ड बनवाने के लिए आवेदन 30 जून 2025 को दिया गया है अर्थात मृत्यु के बाद कार्ड बनाने का आवेदन दिया गया था जिसे निरस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि काम बिगड़ता देख उक्त संबल कार्ड बनवाने के लिए पूर्व पार्षद विनय चक्रवर्ती द्वारा अपने ही मोबाईल से सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज करायी गई है जिससे मृतक परिवार के लोग बेखबर थे और इस मामले को लेकर नगर परिषद परेशान हो रहा है जिसके चलते प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बम्हनी बंजर द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत पत्र अध्यक्ष मीना अरविंद हरदहा एवं पार्षद गणों द्वारा थाना प्रभारी अरूण सिंह को प्रेषित किया गया है जिसकी विवेचना जारी है। इस मामले में मृतक की पत्नि भागीरथी द्वारा शपथ पत्र देते हुए बताया गया कि हमारे द्वारा संबल कार्ड बनवाने के लिए आवेदन नहीं दिया गया है हमें तो मृत्यु प्रमाण पत्र चाहिए। अब पूरे मामले की चर्चा क्षेत्र में व्याप्त है कि आखिर क्यों मृतक परिवार को अंधेरे में रखकर पूर्व पार्षद द्वारा नियम विरूध्द संबल कार्ड बनवाने का प्रयास किया जा रहा था। जो भी हो, फिलहाल पुलिस द्वारा जॉच शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही निष्कर्ष सामने आयेगा।



## हरियाली अमावस्या पर कलेक्टर ने ज्ञानदीप स्कूल परिसर में किया पौधारोपण

*** बच्चों के साथ किया पौधारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा हरियाली अमावस्या के अवसर पर ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत आयोजित हरियाली महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ गमलों तथा परिसर में पौधारोपण किया। स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हमारे बड़े-बुजुर्गों ने जिन पौधों को इस धरा पर लगाया था, आज हम उन वृक्षों की छाया पा रहे हैं। इसी तरह हमें भी अपनी भावी पीढ़ी के लिए पौधों का, रोपण करना चाहिए। उन्होंने पौधारोपण कर रहे बच्चों से इन पौधों की देखभाल करने की अपील भी की। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, ज्ञानदीप स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव संजय तिवारी, सदस्य मनोज फागवानी सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियों द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ माहिनों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा व सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दूर संचार सेवा पूर्ण रूप से पटरी से उतरते हुये देखे जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित नही समझ रहे है, ध्यान ही नही दिया जा रहा है, जिसके चलते यह सेवा बदहाली की ओर अपना कदम बढ़ाने से नही चूक रही है? जबकि गौर किया जावे तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस समय देश को डिजीटल बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे है, वही दूसरी ओर केन्द्र की सबसे महतत्व पूर्ण सेवा गाडरवारा क्षेत्र में अधिकारियों की मनमानी व उदासीनता के चलते पटरी से उतरने से नही चूक पा रही है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा दूर संचार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, सालीचौका, गोटीटोरिया, बनवारी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में देखी जा रही है जहां पर लोगों के घरों में लगे हुये टेलीफोन बीते हुए काफी समय से बंद पड़े हुये है या फिर चालू है तो उनमें कही फोन लगाया जाता है तो अन्य कही लग जाता है, वही इंटरनेट सेवा का तो यह हाल है कि चलते चलते अचानक सर्वर डाउन हो जाने की स्थिति में जहां लोगों के जरूर काम रूक जाते है जिसके चलते उन्हें घंटो तक इंतजार करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है, इस स्थिति में चलते निश्चित ही लोगों का रूझान अन्य दूसरी निजी सेवाओं की ओर बढ़ने से नही चूक पा रहा है।

### सालों ने मिलकर जीजा की कर दी पिटाई

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने खेत से घर आ रहा था उसी दौरान रास्ते शंकर मंदिर के पास अजय कुशवाहा एवं आजाद कुशवाहा जो रिस्ते में साले लगते है। पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### माँ बेटे के साथ घर में घर में घुसकर की मारपीट

चीचली। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने घर थी उसी समय ग्राम ही निवासी सरमन ठाकुर व रामसिंह ठाकुर घर के अंदर आकर गंदी गंदी गालिया देते हुये बेले की तेरा लड़का कहा है तो प्रार्थिया द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसी बीच जब उसका लड़का महेन्द्र आया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**थाने के समीप चकाजाम करते हुये सौंपा ज्ञापन, नगर पालिका अध्यक्ष से भी की गई कार्यवाही की मांग**

**आक्रोशित किसानों ने मूंग से लदा हुआ ट्रेक्टर लेकर पहुंचे एसडीएम कार्यालय**

# वेयर हाऊस संचालक ने मूंग विक्रय करने के लिये गये कृषक के साथ की गई मारपीट

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

भले की सरकार द्वारा किसानों द्वारा गर्मी सीजन में लगाई गई मूंग को समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लेते हुये खरीदी कार्य शुरू कर दिया गया। मगर संपूर्ण देश में मूंग खरीदी का कार्य शुरू होने से लगभग एक सप्ताह बाद गाडरवारा तहसील क्षेत्र में शुरू हुये मूंग खरीदी कार्य के चलते जहां अनेक किसानों की मूंग विक्रय होने से रखी हुई देखने मिल रही है। इस स्थिति में इस समय चल रहे बारिश के मौसम में क्षेत्र का अन्नदाता एक एक हप्ते तक भूखा प्यासा रहते हुये लाईन में लगकर अपनी मूंग का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में बीच कुछ धनवारों द्वारा जहां किसानों के मूंग से लदे हुये ट्रेक्टरों को सड़को पर खड़ा करने की बात को इतराज जताते हुये उन्हें भरा बुरा करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर इसके बाद भी अन्नदाता धेर्य धारण करते हुये सोच बनाये हुये है कि किसी भी प्रकार से उसके खून पसीने से तैयार की गई फसल का विक्रय हो जावे..? मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा जिन मापदंडो के आधार पर बेयर हाऊसों को मूंग खरीदी केन्द्र बनाते हुये मूंग विक्रय करने के लिये आने वाले किसानों को सुविधाये प्रदान करने की बात कही गई थी। वही सुविधाये खरीदी केन्द्रो पर मौजूद नही रहने के चलते किसानों किसानों को परेशान होना पड़ा रहा है। यदि कोई किसान वेयर हाऊस प्रबंधन से पीने का पानी भी मांगता है तो उसके साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने के साथ मारपीट करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवार को नगर के समीप डमरू घाटी के पीछे कौड़िया रोड स्थित नूर बेयर हाऊस में देखने मिला है। जहां पर अपनी मूंग विक्रय करने के लिये गये हुये एक











कृषक के साथ वेयर हाऊस के संचालक पिता पुत्र ने जिस तरह मारपीट की गई है इस सच्चाई के वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल होने के चलते किसानों में आक्रोश का महौल देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कामती निवासी सतीश कौरव द्वारा अपनी मूंग का विक्रय करने के लिये स्लॉट बुक किया गया था जिसके चलते उसे जो निर्धारित तिथि मिली थी उसके अनुसार जब वह नूर बेयर हाऊस अपनी मूंग का विक्रय करने के लिये पहुंचा तो किसी बात को लेकर बेयर हाऊस के संचालक पिता पुत्र सहित अन्य साथियों के साथ कृषक के साथ अलग अलग स्थानों पर तीन बार मारपीट करते हुये उसके मूंग से भरे हुये ट्रेक्टर को यह बात कहते हुये बाहर कर दिया गया कि हम तेरी मूंग तोलेगे ही नही..? इस संबंध में कृषक का कहना है कि उसके द्वारा पीने के लिये पानी मांगा गया था और वहां पर पानी की व्यवस्था नही होने की बात को लेकर बहस होने पर बेयर हाऊस संचालक द्वारा इस कृत्य को अंजाम दिया गया है..? वही दूसरी ओर बेयर हाऊस संचालक द्वारा कृषक के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि मान लिया जावे कृषक शराब के नशे में था तो पुलिस को बुलाकर कार्यवाही करना थी मगर इस तरह कानून को अपने हाथ में लेकर एक किसान के साथ जिस तरह वायरल हो रहे विडियों में सच्चाई देखने मिल रही है वह बेयर हाऊस संचालक की मनमानी पूर्ण कार्य प्रणाली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? क्योंकि कृषक के साथ पिता पुत्र द्वारा जहां बेयर हाऊस के अंदर मारपीट की गई। इसके बाद उसे बाहर लेकर पिता पुत्र सहित अन्य लोगों द्वारा जिस तरह हमला बोलते हुये मारपीट के विडियों संपूर्ण सच्चाई को उजागर करते हुये दिखाई दे रहे है..? वही दूसरी ओर इस तरह घटित हुई घटना को लेकर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला दर्ज किये जाने की खबर मिलते हुये किसानों में आक्रोश फैलने से नही चूक पाया था। आक्रोशित किसानों द्वारा गुरूवार को एकत्र होकर वेयर हाऊस संचालक की मनमानी का विरोध करने के साथ कार्यवाही की मांग करते हुये किसान का वापिस किया गया मूंग से भरा हुआ ट्रेक्टर लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस तरह भारी मात्रा में पहुंचे हुये किसानों द्वारा बेयर हाऊस के मालिक व उसके पुत्र सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग करते हुये पुलिस थाने के समीप चकाजाम करते मुख्य मार्ग पर बैठ गये। मगर टीआई विक्रम रजक द्वारा अपनी तत्परता का परिचय देते हुये आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भरोसा दिलाने के बाद गुस्साये किसानों द्वारा चंद मिनिट ही उपरांत अपना चकाजाम समाप्त कर दिया गया। इस दौरान किसानों का कहना था कि एक तो हमारे किसान साथी के साथ मारपीट की गई दूसरी उसी के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है इस बात को हम स्वीकार नही करेगे। यदि पुलिस द्वारा तीन दिन के अंदर सख्त कार्यवाही नही की गई तो उग्र आंदोलन के लिये हमको मजबूर होना पड़ेगा। वही किसानों का आरोप है कि हमारे किसान साथी के साथ मारपीट करने वाले बेयर हाऊस संचालक की संपत्ति की जांच की जावे। क्योंकि जहां पर बेयर हाऊस बना हुआ है वह जमीन मंदिर की बताई जा रही है..? यदि जांच में सही पाई जाती है तो बेयर हाऊस पर बुलडोर चलाया जावे। वही दूसरी ओर बेयर हाऊस संचालक खुद नगर पालिका में सरकारी नौकरी पर तैनात होने के बाद भी इस तरह अपने परिजनों के नाम पर संचालन करते हुये मनमानी पर उतारू है। इस बात की सच्चाई खुद वायरल वीडियों में दिखाई दे रही है। इस तरह सभी आक्रोशित किसानों द्वारा नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा से मुलाकात करते हुये नगर पालिका कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग किये जाने पर शिवाकांत मिश्रा द्वारा कार्यवाही का पूरा भरोसा दिया गया। इस घटना को लेकर किसानों के साथ साथ हिन्दू संगठनों द्वारा भी अपना विरोध दर्ज कराया जा रहा है। क्योंकि वायरल विडियों में जिस तरह कृषक के साथ जिस सामग्री से मारते हुये दिखाई देने व जिन शब्दों का उपयोग करते हुये सुना जा रहा है वह धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचाते हुये प्रतीत होते हुये जान पड़ रहा है.।

# दो दिन पहले गायब हुये किशोर की गांव से दो किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में पाई गई लाश

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। इस समय क्षेत्र में जिस तरह से अपराधिक घटनाये घटित होते हुये देखी जा रही है वह निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम बांसखेड़ा गांव से दो दिवस पहले गायब हुये किशोर का शव गन्ना के खेत में पाये जाने से सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है..? बताया जाता है कि सांईखेड़ा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम बांसखेड़ा निवासी भैया साहब गुर्जर का लगभग 17 वार्षिय पुत्र राज गुर्जर बीते हुये दो दिन पहले यानि की 22 जुलाई को घर से गायब होने पर परिजनों द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाने में किये जाने के चलते पुलिस द्वारा गुम इंसान सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अहपरण की धाराओं तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। मगर पुलिस को गुरूवार को सूचना मिली की ग्राम झिरिया माता गांव के समीप एक गन्ना खेत में अज्ञात लाश पड़ी हुई है तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा और गायब हुये किशोर के परिजनों को बुलाते हुये पहचान किराये जाने पर मृतक किशोर की पहचान दो दिन पहले गायब हुये राज गुर्जर के रूप में होने पर जहां सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा था। वही जिस अवस्था में किशोर




की लाश पाई गई तथा उसके गले पर दिखाई दे रहे निशानों से यह बात प्रतीत होने से नही चूक पा रहा थी कि किसी के द्वारा किशोर की गला रेत की हत्या की गई है। घटना को लेकर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह अपहरण के बाद किशोर की हत्या होने की खबर फैलते ही जहां क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा था। वही दूसरी ओर घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा सहित सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा घटना स्थल पर पहुंचते हुये मौके पर बारीकी से जांच शुरू की गई है। इस तरह जब मृतक किशोर के शव को पोस्ट मार्टम हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा लाया गया तो सामाजिक लोगों सहित अन्य लोगों की भीड़ को देखते हुये भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इस संबंध में जब सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि दो दिन पहले परिजनों की शिकायत पर पुलिस द्वारा गुम इंसान का मामला कायम करने के साथ साथ गायब होने वाले बच्चा नाबांलिग होने के चलते अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण के तहत मामला दर्ज कराते हुये खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच सूचना मिली की ग्राम बांसखेड़ा से लगभग दो किलो मीटर दूर ग्राम झिरिया माता गांव के पास एक गन्ने के खेत में लाश पड़ी हुई है। जब हमारी टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मृतक के पहचान गायब हुये किशोर राज के रूप में की गई। वही मृतक के शव पर जिस प्रकार से निशान दिखाई दे रहे है उससे यही अनुमान लग रहा है कि शायद किसी ने गला रेत कर हत्या की गई है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जांच शुरू कर दी गई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह एक नाबालिंग किशोर का अपहरण करते हुये उसकी हत्या करने के बाद गन्ने के खेत में डाला गया है इसके पीछे निश्चित तौर से कोई न कोई बड़ा कारण जरूर छिपा होगा..? वही इस घटना से क्षेत्र में सनसनी व दहशत का महौल निर्मित होने के साथ साथ अभिभावको में अपने बच्चों को लेकर चिंता को लेकर चिंता दिखाई देने से नही चूक रहे है..?

## मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर, शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

**जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है**



मगर जिस सर्थिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी। वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्त्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से ताली बजाने वालों की भीड़ में मासूमों का जीवन संभारने का जिम्मा निभाने वाले वह अधिकारी भी नजर आते है। इस सबको देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पाता है कि यदि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का यदि सही तरीके से संचालन हो रहा होता तो शायद इन मासूम बच्चों को इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पेट पालने के लिये मजबूर न होना पड़ता?

### आखिर में क्या यही है सरकार का स्वच्छता अभियान, गांवों में हेण्ड पंपों के पास लगा गंदगी का अम्बार

हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा /बोहानी। जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव करोड़ो रूपया खर्च करते हुए स्वाच्छता अभियान चलाते हुए खूब वाही वाली लूटी जा रही है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांवों में लगे हुए हेण्ड पंपों के पास गंदा



पानी एकत्र होने के कारण लोगों को शुद्व पीने का पानी तक उपलब्ध नही हो पा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए जहां अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर सबाल खड़े होते हुए देखे जा रहे है...? वही दूसरी ओर लोगों द्वारा प्रदूषित पानी पीने के कारण बीमार पड़ने की भी संभावना बढ़ते हुए दिखाई देनने से नही चूक पा रही है। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि आम लोगों के उपयोग हेतु लगे हुए हेण्ड पंप के पास इस प्रकार की स्थिति बनी हुई है कि संपूर्ण गांव की गंदी नालियों का पानी एकत्र होने के कारण हेण्ड पंप के समीप गंदगी फैल रही है, वही इस गंदे पानी के कारण हेण्ड पंप भी अब बदबूदार पानी छोड़ते हुये देखे जाने लगे है..? जिसके कारण गांवों के लोग इस समय चल रहे वारिश के मौसम के दौरान पानी के लिये यहां वहां भटकने के लिये मजबूर देखे जाने लगे है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांवों में लगे हुए हेण्ड़ पंपों के पास चारों ओर से गंदा पानी भरने के कारण जहां हेण्ड पंप से भी वही गंदा पानी निकलने लगता है जो पानी पीने योग्य नही होने के कारण लोगों परेशान होना पड़ रहा है। मगर इस ओर न तो पंचायतों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही संबंधित विभाग द्वारा जिसके चलते लोगो को पीने के पानी हेतु भटकने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर प्रशासन द्वारा गांव गांव चलाये जा रहे स्वाच्छता अभियान पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है, हेण्ड पंप की इस स्थिति को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि सरकार का सपना इस सच्चाई के चलते पूरा हो पायेगा।

### बालश्रम कानून का कागजों पर हो रहा है पालन, अनेक जगहों पर धडल्ले से कर रहे मासूम काम

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है। जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948 खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है,वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मगर आजादी के 62 वर्ष बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई,जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पैट भरने के लिए कचरा बीनना,सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना,होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, क्षेत्र में बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है। इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़ा तक मौजूद नही होगा? गरीबी व



अज्ञानता के चलते आज भी जिले के हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है। उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। शासन द्वारा जहां साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित है, ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना, भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है। शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका,इनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है,गरीबी और भुखमरी के चलते इन बच्चों के माता पिता चाहकर भी शिक्षा दीक्षा न दिलाकर मजदूरी करवाने को विवश है,क्या करे गरीबी अभिशाप बन गई है बच्चों का सहारा लेना जरूरी भी और मजबूरी भी बन गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती, अटल ज्योति योजना पर खड़े हो रही सवाल?

हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली उलब्ध कराने हेतु बड़ी ही जोर शोर से अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था, मगर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन लगातार कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग परेशन होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर सरकार की अटल ज्योति योजना पर लोगों द्वारा सबाल खड़े करते हुए इसे अटक ज्योति योजना का नाम दिये जाने लगा है? इस संबंध में बताया जाता है कि सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां आम लोग परेशान हो रहे है। वही दूसरी ओर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान लोगों की नींद हराम होती चली जा रही है। वही लोगों का कहना है कि यदि बिजली कटौती का यही आलम बना रहा तो लोगों का जीना मुश्किल हो जावेगा..? जानकरी के अनुसार दिन और रात में की जा रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुर्जुगों के साथ महिलाओं की नीद उड़ गई है। क्योंकि इस समय चल रहे बारिश के सीजन में जहां मच्छरों की भरमार देखने मिल रही है तो दूसरी ओर रात के समय बिजली नही रहने से बच्चें पढ़ाई भी नही कर पा रहे है। इस संबंध में जब



विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय एवं पावर हाउस में में बिजली कटौती को लेकर संपर्क किया जाता है तो वहा से एक ही जबाब मिलता है कि लाईन गाडरवारा से बिजली बंद होने के कारण हम कुछ नही बता सकते है या फिर कह दिया जाता है कि मेंनेटेन्स चल रहा है इस लिए बिजली बंद है? इस प्रकार से सुधार कार्य के नाम पर आये दिन कई घंटों तक बिजली बंद की जा रही है जिसके चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तो प्रभावित होते हुए देखा जाता है, वही किसान भी अपने खेतों में लगाई गई गन्ना सहित अन्य फसलों में पानी देने के लिए परेशान होते हुए देखे जा रहे है।

### योजनाओं के नाम पर एन.जी.ओ भर रहे अपनी जेबे, लोगो की समस्याएं जहां की तहां...?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। गैर सरकारी संगठनों का अब एक मात्र उद्देश्य पैसा कमाना होता हुआ जान पड़ रहा है? यदि देखा जावे तो सरकार भी इन गैर सरकारी संगठनों को दिल खोलकर धन मुहैया कराती जा रही है? लेकिन सरकार द्वारा जिन उद्देश्यों के लिए इन संगठनों को पैसा दिया जाता है, वह उन उद्देश्यो को भूलकर अपनी जेबो को भरने में लगे हुए देखे जाते है? इन गैर सरकारी संगठन व स्वंय सेवी संस्थाओ को विभागों की तरफ से भारी भरकम रकम अनुदान के रूप में सामाजिक कार्यो के क्रियान्वयन के लिए दी जाती है,लेकिन इस राशि का उपयोग सही दिशा में नही हो पाता है,इन संगठनों व संस्थाओं द्वारा सारे काम कागजों पर चलते हुए देखे जाते है, इनमें कई संगठन और संस्थाएं तो सिर्फ कागजो पर चलते हुए जान पड रही है, इस बात से सरकारी विभाग के अधिकारी भी इंकार नही कर रहे? मगर क्षेत्र में विभिन्न विभाग की योजनाओं के नाम पर दर्जनों एन जी ओ पैसा कमा रहे है? लेकिन विभाग इन पर लगाम नही लगा पा रहा है। इस तरह की स्थिति के चलते योजनाओं का लाभ सही हितग्रहियों को नही मिल पा रहा है, आदिम जाति कल्याण विभाग में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, शिक्षा व विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए गैर सरकारी व स्वयं सेवी संगठनों को अनुदान दिया जाता है, जिसमें अधिकांश योजनाएं केन्द्र सरकार से ही आती है, परंतु इनके लिए राज्य शासन की अनुशंसा लगती है साथ ही जिला स्तर पर संबंधित संगठनों की मानीटरिंग भी की जाती है मगर यह सब मात्र कागजों तक ही सीमित ही नजर आ रहा है।

**खबर संक्षेप**

## जिले में 42.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 42.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1.2 मिली मीटर, कोतमा में 88 मिली मीटर, बिजुरी में 49.2 मिली मीटर, जैतहरी में 37.4 मिली मीटर, वेंकटनगर में 67 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 5.6 मिली मीटर, अमरकंटक में 55 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 35.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

## बाड़ी में काम कर रहे वृद्ध की सर्पदंश से मौत



हरिभूमि न्यूजअनूपपुर। थाना अनूपपुर अंतर्गत मानपुर गांव में बुधवार की दोपहर बांड़ी में रूधान का कार्य कर रहे वृद्ध के पैर में जहरीला सांप काटने पर उपचार दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। घटना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के मानपुर गांव में बुधवार की दोपहर 68 वर्षीय वृद्ध गोवर्धन पिता टुब्बुल कोल अपने बांड़ी में रुधान का काम कर रहा था तभी चारा घास के बीच बैठे जहरीले सर्प के ऊपर पैर पढ़ने तथा दबने से सांप ने वृद्ध के पैर में एड़ी के ऊपर दो बार काट लिया अकेले काम कर रहे वद्ध पैदल चल कर अपने रिश्तेदारों को बताने बाद परिजनों के द्वारा उपचार हेतु निजी वाहन ऑटो से जिला चिकित्सालय ला कर उपचार कराया। इस दौरान सांप का जहर शरीर में फ़ैल जाने पर वृद्ध की मौत हो गई घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में पुलिस सहायता केंद्र अनूपपुर के प्रधान आरक्षक मंसाराम मार्को, आरक्षक कमलेश प्रसाद द्वारा मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से शव का पी,एम, करा कर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा।

## कलेक्टर ने गोहन्ड्रा में बीमा एवं पेंशन योजनाओं के शिविर का किया निरीक्षण



### हितग्राहियों के डोर-टू-डोर सर्वे एवं नियमित कैंप लगाने के दिए निर्देश

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत गोहन्ड्रा में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के पंजीयन हेतु आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर पंजीयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से हितग्राहियों के पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र लोगों के नाम तत्काल पंजीयन में जोड़े जाएं। कलेक्टर ने शिविर स्थल पर बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल सुविधा तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि इन योजनाओं की व्यापक जानकारी जनसामान्य तक पहुंचे, इसके लिए सतत जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएं।साथ ही जिले में प्रतिदिन इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी को संधारित कर उसका नियमित फॉलोअप किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित यह योजनाएं आमजन को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं, अतः इनका प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अजीत नांबियार, डीपीएम एनआरएलएम शशांक सिंह सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर का असर**

### पंचायती खजाने से बीजेपी जिलाध्यक्ष के आगमन पर

# व्यय और बीड़ी फूंकने वाले 2 सचिव सस्पेंड

## पंचायतों में अनियमितता पर कार्रवाई दो सचिव निलंबित

डिंडौरी।

**विगत दिनों समाचार पत्र में जिले के ग्राम पंचायतों में शासकीय राशि के दुरुपयोग और नियमों के उल्लंघन की मामला को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, खबरों को संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर ने कड़ा रुख अपनाया है। जनपद पंचायत समनापुर और बजाग में पदस्थ दो सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडोरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत अंडई, जनपद पंचायत समनापुर के सचिव प्रेम सिंह मरकाम ने पंचायत स्तर पर शासन के दिशा-निर्देशों के विपरीत शासकीय राशि का उपयोग कर अनुशासनहीनता की है। बीड़ी और लड्डू क्रय करने के नाम पर व्यय कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया, जिसका कोई वैध औचित्य नहीं था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रेम सिंह मरकाम को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत समनापुर में अटैच किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत बजाग की ग्राम पंचायत मझियाखार के सचिव श्रीमती सीता सिंह गौतम को भी निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध आरोप है कि भाजपा जिला अध्यक्ष के आगमन के नाम पर वाहन किराया मद में 2500 रुपये की राशि शासन से व्यय की गई, जो पूरी तरह अनियमित पाया गया। इस वित्तीय अनियमितता और आदेशों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत ने सचिव सीता सिंह गौतम को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत बजाग में अटैच किया है। जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर ने स्पष्ट किया है कि पंचायतों में शासन की राशि का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्तीय अनियमितता करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।




## नवागत सीईओ जतिन कुमार ठाकुर ने किया पंचायतों का निरीक्षण




### हितग्राहियों को जल्द आवास पूर्ण करने के दिए निर्देश

डिंडौरी। समनापुर जनपद पंचायत के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जतिन कुमार ठाकुर ने सोमवार को ग्राम पंचायत बंजरा, फिटारी, अजगर एवं धुरकुटा का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से चर्चा की और उन्हें जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री ठाकुर ने ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई भी की और संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक को समग्र ई-केवाईसी, पीएम आवास योजना ग्रामीण, जनमन आवास की प्रगति, मनरेगा कार्यों और स्वच्छता अभियान को गति देने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत बंजरा और धुरकुटा में निर्माणाधीन पंचायत भवनों का जायजा लिया और तय समय सीमा में भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है। श्री ठाकुर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया।

## कलेक्टर ने किया खजरी प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण





डिंडौरी।

एकीकृत प्राथमिक शाला खजरी विकासखंड अमरपुर का कलेक्टर ने निरिक्षण के दौरान बच्चों से वार्तालाप कर शिक्षा स्तर जानकर शाला प्रभारी शिक्षक को टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम मार्च 2025 में इसी प्राथमिक शाला खजरी में औचक निरिक्षण किया था, जिस समय शाला प्रभारी शिक्षक ने प्राथमिक शाला में बॉउंड्री वॉल बनाने की मांग की थी जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ ग्रामीण यंत्रिकी विभाग को बॉउंड्री वॉल बनाने के निर्देश दिए गये थे जिसे जिम्मेदारी के साथ संबंधित विभाग के द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत एंजेसी के द्वारा मई 2025 में 2.14 लाख की लागत से बॉउंड्री वॉल तैयार कि जा चुकी है। जिसे शाला के छात्र-छात्राएं एवं स्टॉफ में खुशी देखी गई। दिनांक 23-07-2025 बुधवार को जनपद पंचायत अमरपुर भ्रमण के दौरान प्राथमिक शाला खजरी ग्राम पंचायत खजरी का पुनः औचक निरिक्षण किया जंहा पर प्राथमिक शाला के चारों ओर नवीन बॉउंड्री वॉल देखकर निर्माण विभाग की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे, पीएचई अहमद इमाम उल्ला खान, आबकारी अधिकारी आर के पचौरी, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, आरईएस दीपक आर्मो, मनरेगा प्रदीप शुक्ला, बीआरसी, बीईओ, सहायक यंत्री आरईएस सुश्री प्रियंका मरावी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बंदरों के कलेजा निकालने प्रयासरत शिकारियों की जमानत खारिज, न्यायालय ने भेजा जेल

### वन्य जीव हत्या की मंशा हथियार बरामद आरोपियों की नीयत उजागर

डिंडौरी।

वन्यजीव संरक्षण को लेकर डिंडौरी में न्यायालय ने कठोर रुख अपनाते हुए दो आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। आरोपियों पर बंदरों को बेहोश कर मारने की साजिश का गंभीर आरोप है।

मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि 22 जुलाई को समनापुर-डिंडौरी मुख्य मार्ग पर दो युवक – महासिंह गोंड (20 वर्ष) एवं प्रताप सिंह धुर्वे, निवासी ग्राम पिपरिया (जिला मंडला), बंदरों को नमकीन और बिस्किट खिलाकर बेहोश कर रहे थे। राहगीरों की सतर्कता से एक बंदर को बचाया जा सका।



सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बंदरों का कलेजा निकालने के लिए आए थे, जिसे कथित तौर पर 'औषधीय' उपयोग में लाया जाता है। तलाशी में उनके पास से एक धारदार बका, दो तांत वाली बोरी और एक थैला बरामद हुआ।

प्रकृति और जीवों के प्रति संवेदनहीन इस कृत्य को लेकर आरोपियों पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09 और 51 के तहत मामला दर्ज किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी लक्ष्मीनारायण साहू ने जमानत का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि यह केवल वन्यप्राणी ही नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता पर हमला है। न्यायालय ने तर्कों से सहमत होते हुए आरोपियों की जमानत अर्जी सिरे से खारिज कर दी। यह फैसला वन्यजीवों के प्रति क्रूरता के खिलाफ एक उदाहरण बनकर सामने आया है, जिससे अवैध शिकारियों और अंधविश्वास के भरोसे अपराध करने वालों को साफ चेतावनी मिलती है।

## नवांकुर सखी "हरियाली यात्रा" पखवाड़ा का शुभारंभ

अमरपुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पखवाड़े कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चांदपुर सरपंच अमृत सिंह परस्ते क्षेत्र के सामाजिक एवं सेवा निवृत शिक्षक माखन शुक्ला तथा क्षेत्र की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मानिक लाल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि धोबी सिंह परस्ते द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर दिया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत उनके तिलक एवं पुष्प भेंट कर किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल से खेरमाई होते हुए ग्राम के मुख्य मार्ग से कलश यात्रा क्षेत्रीय गीत के साथ किया गया। यात्रा समापन के पश्चात अतिथियों का उद्बोधन श्रृंखला में मानिक लाल यादव, माखन शुक्ला एवं स्थानीय सरपंच अमृत सिंह परस्ते द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस नवीन पहल कहा गया और नवांकुर सखियों को पौधा रोपित कर उनके संरक्षण बच्चों की भांति करने तथा ग्राम के अन्य लोगों को भी



प्रेरित कर पौधा रोपण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया गया। जिससे असमय मौसम परिवर्तन एवं पर्यावरण संतुलित रहे जिससे पृथ्वी के समस्त जीव जगत अपना जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नवांकुर सखियों को 11/11 पौधे वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में तिलक सिंह मेंटर्स द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में नवांकुर संस्था वीर शंकर शाह समग्र ग्राम विकास समिति के सचिव श्याम सिंह धुर्वे एवं पदाधिकारी तथा अन्य सेक्टर के मैटर्स एवं नवांकुर संस्थानों में से अरविंद यादव, राकेश कुमार मरावी, गणेश केवट, लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय, अशोक कुमार यादव, राधेश्याम वनवासी एवं प्रस्फुटन समिति की कार्यकर्ता प्राथमिक शाला शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।




## शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम संपन्न"

शहपुरा

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. स्वीटी यादव के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा, जिला डिंडोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "नशे से दूरी है, जरूरी" जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. एल.एन. साहू के नेतृत्व में विद्यार्थियों, शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. भागवत प्रसाद झारिया (प्रभारी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा) ने छात्रों को नशे से होने वाले सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक भगवत सिंह धुर्वे ने समाज को नशा मुक्त करने हेतु प्रेरक स्लोगनों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. नेहा चौहान, डॉ. वीना शिवहरे, डॉ. पूरन सिंह वरकड़े, श्रीराम ठाकुर, डॉ. सी.एल. रैदास, डॉ. राजू रैदास, डॉ. अनिल झरिया, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. आबिद हुसैन कुरैशी, डॉ. परमेश कुमार साकेत, डॉ. आरती मिश्रा, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. शालिनी धुर्वे, डॉ. पापरी कर्मकार, डॉ. संगीता श्याम, डॉ. अरुणा, डॉ. जागृति परिहार, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. प्रफुल्ल साहू, डॉ. सरिता कुशवाहा, डॉ. रश्मि, डॉ. आलोक डहरिया सहित अन्य संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर विशाल सिंह एवं कैलाश भवेदी भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स धर्मेंद्र दुबे, अमित सिंह, मोहित कुमार, मोहराज, ओम प्रकाश दुबे सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशामुक्त भारत के संकल्प में सहभागी बने।

## जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा वन ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र/ सुधार हेतु लगाए गए शिविर

डिंडौरी न्यूज।

### जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा वन ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र/ सुधार हेतु लगाए गए शिविर

राजस्व विभाग, वन विभाग द्वारा वनग्रामों में वनाधिकार पत्र देने हेतु आज बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वि.ख. डिण्डौरी के वनग्राम गिठौरी के वनग्राम गोरखपुर, खुदरपानी, टांडाटोला, नीचेटोला, के गोरखपुर में बरगद के पेड के नीचे ग्राम के लोगों की चौपाल लगाकर वनग्राम के पात्र हितग्राहियों से अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों से वनाधिकार पत्र दिलाने एवं संशोधन कार्य हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। जहां पर 95 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम स्तरीय समिति, पटवारी, बीटगार्ड, सचिव को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने दो दिवस के अन्दर पूर्ण कार्यवाही करने को कहा। साथ ही साथ पात्र हितग्राहियों को



वनाधिकार पत्र देने की ग्राम समिति को दो दिवस के अन्दर फाईल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लापरवाही करने वाले कर्मचारी पर कार्यवाही की जायेगी।

वही पर गांव के लोगो ने बरसात में टांडाटोला, गोरखपुर, नीचे टोला, खुदरपानी में कच्चा रोड, पहाडी घाट से घिरा होने एवं नाला में पुलिया न होने के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में कठिनाईयों को सामना करना पडता है। जिस पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम टांडाटोला, गोरखपुर, नीचे टोला, खुदरपानी तक 4 किमी लम्बे पंहुच मार्ग निर्माण कराने का अनुरोध किया। जिसे गंभीरता से लेते हुए स्वयं मौके पर जाकर जायजा लिया और पीएमजेएसवाई अधिकारियों को सडक निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। तहसीलदार श्रीशंशाक शिंदे, डीपीसी श्री राघवेन्द्र मिश्रा, श्री रमेश मरावी मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, पीएचई, श्री श्याम सिंगोर, डिप्टी रेन्जर श्री किशन धुर्वे, श्री धनीराम परस्ते एवं बीटगार्ड स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वाहनों की हुई चेकिंग वसूला जुर्माना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरुवार को जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा नरसिंहपुर और करेली में स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 20 वाहनों को चेक किया गया, जिसमें 3 वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं होने पर 7 हजार रुपये का समन शुक्ल अधिरोपित किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रशासन को समस्त वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण करने के लिए कहा गया। उन्होंने स्कूल बसों में मेडिकल किट, अग्निशमन यंत्र आदि दुरूस्त रखने की समझाइश दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही जिले में निरंतर जारी रहेगी।

### टास्क फोर्स समिति की मासिक बैठक 28 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की मासिक बैठक 28 जुलाई को दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### अपरोधियों के बढ़ रहे हौसले, वाहन से टक्कर मारकर की गई मारपीट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे अपराध कम होने का नाम नही ले रहे है। अपराधियों पर लगाम लगाने मे पुलिस असफल नजर आ रही है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय में थाना कोतवाली से सामने आया जिसमें बताया गया कि पीड़ति अपने वाहन से खेत जा रहे थे तभी उन्हे अन्य वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई और व दुर्घटना के बाद अपने वाहन को देख रहे थे तभी कुछ लोग और आए तथा उनके साथ मारपीट की गई। बताया गया कि वह रोड पर आप अपनी ही साइड से जा रहे हो और पीछे से कोई आपको टक्कर मारकर भाग गए। जब तक आप गाड़ी किनारे लगाकर उतरो टक्कर से फूटे हुए टायर को देखें तब तक टक्कर मारने वाला कुछ लोगों को ले आए और आपके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ति हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संजय तिवारी द्वारा बताया गया कि वह खेत जा रहे थे तब उक्त घटना हुई। इस अप्रत्याशित घटना से वह हक्के-बक्के रह गए कि ना ही कोई गलती, ना ही कोई विवाद फिर भी उनके साथ इतनी बड़ी घटना होना अपराधियों के हौसलों को बढ़ावा है। पीड़ति की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आर्दश नगर खैरी नाका के पास रहने वाले दीपक व सुधीर रघुवंशी पर बीएन एस की धारा 296,115,351,3 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### हरियाली महोत्सव का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस हमारी संस्कृति और संस्कारों को सहेजते हुए स्वर्ण कर्णिका नारी शक्ति क्लब के तत्वावधान में हरियाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम स्वर्ण कार्णिका की संस्थापिका अर्चना सुरेन्द्र सोनी उपस्थित रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रुप में पूर्व सांसद कैलाश सोनी की पत्नी श्रीमती मंजू कैलाश सोनी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठरी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कुसुम साहू, समाजसेवी नीरा बुधौलिया, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती भारती कौरव, इंदू सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमे प्रतिभागियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। क्लब की संस्थापिका एवं अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

---

### दस्तक अभियान के तहत 127133 बच्चों की होगी स्क्रीनिंग

# पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

### 170 दल गठित, 16 सितम्बर तक चलेगा अभियान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला चिकित्सालय मे दस्तक अभियान का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री पटेल ने मौजूद बच्चों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें टाफी, ओआरएस के पैकेट एवं बिस्किट वितरित किए। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जून माह में गर्मी एवं बरसात में मौसमी बीमारियों का संक्रमण अधिक बढ़ जाता है। इस संक्रमण के कारण बीमारियां फैलती हैं और अधिक लोग बीमार होते हैं। इस मौसम में जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों में बीमारी से ग्रसित होने को अधिक संभावना होती है। उन्होंने कहा कि बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार निरंतर अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिससे आम नागरिक एवं बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे।






#### बच्चों की होगी स्क्रीनिंग

उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग का अमला संक्रमित बीमारियों की पहचान कर उनका उपचार करेगी। अभियान में बीमार बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मुख्यालय लाने और इलाज कराने की पूरी व्यवस्था टीम द्वारा की जाएगी। एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर- घर जाकर दस्तक देगी और सभी 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों की स्क्रीनिंग करेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक यह दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले के कुल एक लाख 27 हजार 133 बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए जिले में 170 दल गठित किए हैं। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का आंकलन करेगी और बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए उचित प्रबंध करेगी।

#### 5 वर्ष तक के बच्चों की होगी जांच

उक्त संयुक्त दल बच्चों की 7 प्रकार की जांच एवं स्क्रीनिंग करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य है कि बाल एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाना एवं बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम करना है। अभियान के दौरान शेष छूटे हुए बच्चों एवं नवजात शिशु के लिए एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर भेंट करेगी और सेवाएं प्रदान करेगी। उक्त दल 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान कर रेफरल एवं प्रबंधन का कार्य करेगी। एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी की तर्ज पर उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं एवं बच्चों का चिन्हांकन व रेफरल करेगी। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों का डिजिटल हिमोग्लोबी मीटर द्वारा एनीमिया की जांच तथा प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन करेगी। इसके अलावा 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयु अनुरूप विटामिन ए अनुपूरण प्रदान करेगी।

#### बाल आहारपूर्ति की दी जावेगी समझाइश

अभियान के तहत दल द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव, बाल्यकालीन निमोनिया एवं डायरिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन व रेफरल का कार्य करेगी। इसके साथ ही 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग नियंत्रण के लिए समस्त बच्चों को ओआरएस एवं जिंक टेबलेट की को- पेकिंग प्रदान कर इसके उपयोग के लिए सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देगी। समुदाय को समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाइश भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अंशुल नेमा, मयंक जैन, शिवम नेमा, सोमेश श्रीवास्तव, अन्य जनप्रतिनिधि, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जीसी चौरसिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटेल, प्रभारी जिला चिकित्सालय डॉ. राहुल नेमा, सहित अन्य डॉक्टर, जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक व बच्चे मौजूद थे।

---

## विद्यार्थियों को वितरित की गई साइकिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में निशुल्क साईकिल वितरित की गई। मां सरस्वती की पूजन अर्चना पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य एक के बक्शी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य भागवती कूमरे के द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच रूपलाल ठाकुर तथा पूर्व सरपंच नंदराम ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। सभी आगंतुकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा विद्यालय स्टॉफ को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल भेंट की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओंकार गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक आशीष विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक राजेश कूमरे, शंभू लाल बरकडे, शिक्षक जेपी कोरी, कुबेर सिंह पटेल सहित अभिभावक और विद्यार्थी, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने जनसुनवाई में सुनी लोगों समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री एवं जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 109 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में आने के बाद उन्होंने यह प्रयास किया कि आम जनों के बीच ज्यादा से ज्यादा समय उपलब्ध रह सकू आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष महंत पीतम पुरी, राधेश्याम नेमा जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव सहित सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधिजनों की मौजूदगी रही।




### रैली निकालकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हरियाली अमावस्या पर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रैली निकाली गई। संस्था प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा छात्राओं को हरियाली अमावस्या की शुभकामनाएं देते हुए प्रकृति के सौंदर्य एवं महत्व के बारे में बताया गया। संस्था की शिक्षिका श्रीमती सीमा शर्मा ने बताया कि इस त्यौहार के अंतर्गत हम प्रकृति का संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हैं उद्बोधन के पश्चात छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बालरूप में राम का हँसना, चलना रोना खेलना ये सब ब्रह्म की माया नहीं, ब्रह्म की माधुर्य लीला है- सदानंदजी

**गोटेगांव। समीप परमहंसी गंगा आश्रम में श्रावण कृष्ण त्रयोदशीः चातुर्मास प्रवचनों की श्रृंखला में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रीराम के बालचरित्र पर आधारित कथा का मधुर व गूढ़ रसपान कराया। आश्रम परिसर राम नाम के संकीर्तन, शुद्ध विचारों और अद्वैत की भावधारा से सराबोर हो उठा।**

**राम के बालरूप में ब्रह्म की लीला**

प्रवचन का आरंभ करते हुए महाराजश्री ने कहा ब्रह्म जब राम रूप में जन्म लेता है, तब वह केवल करुणा और धर्म ही नहीं, बाललीलाओं के माध्यम से प्रेम का साकार रूप भी बन जाता है। उन्होंने कहा कि बालरूप में राम का हँसना, चलना, रोना, खेलना ये सब ब्रह्म की माया नहीं, ब्रह्म की माधुर्य लीला है। कौशल्या का हृदय नहीं, आत्मा पुलकित हुई महाराजश्री



ने भावविभोर कर देने वाली शैली में वर्णन किया कि जब माता कौशल्या ने पहली बार श्रीराम को गोद में लिया, तो केवल माँ नहीं, पूरा ब्रह्मांड पुलकित हुआ। वह बालक नहीं था, वह वही सत्य था जिसे उपनिषद् ने 'एकमेवाद्वितीयं' कहा है बालक राम के पीछे अद्वैत का संकेत मुंडकोपनिषद् की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए महाराजश्री ने कहा यस्य ज्ञानमयं तपः अर्थात ब्रह्म का स्वरूप ज्ञान है।और यही ज्ञान जब बालक बनकर अयोध्या में चलता है, तब वह राम है। रामलीला नहीं, ब्रह्मलीला है यह उन्होंने कहा कि राम की हर लीला, हर क्रीड़ा केवल सामाजिक या पारिवारिक प्रसंग नहीं, वह उस ब्रह्म का भावपूर्ण संचार है, जो मानवता को धर्म, करुणा और मर्यादा के द्वारा जोड़ना चाहता है। श्रीराम की अंगुली थामकर चलना, ब्रह्म की शरण जाना है महाराजश्री ने श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया कि बालराम की छवि को केवल आराध्य नहीं, आत्मचिंतन का विषय बनाएं। वह दिखाते हैं कि ब्रह्म जब प्रेम की भाषा बोलता है, तो वह 'राम' कहलाता है।वेदपाठी ब्रह्मचारियों द्वारा संगीतमय स्तुति प्रवचन के उपरांत वेदपाठी ब्रह्मचारियों ने श्रीराम की स्तुति में वैदिक मंत्रों का सामूहिक पाठ किया। निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज की अगुआई में यह आयोजन पूर्ण दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर चातुर्मास कथा का रसपान किया।

### बीएसी ने विभिन्न माध्यमिक शालाओं का किया निरीक्षण

**गोटेगांव।** बीते दिवस जनपद शिक्षा केन्द्र बीएसी उमाशंकर छिरा ने माध्यमिक शाला रीछा माध्यमिक शाला सिलवानी माध्यमिक शाला कठौतिया माध्यमिक शाला अंधियारी का निरीक्षण किया गया। ग्राम रीछा और सिलवानी में मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार नही मिला समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। किचिन शेड की साफ सफाई स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और रसोइयों को बच्चों की थाली साफ करने निर्देशित किया गया है।सभी शालाओ में डेली डायरी चैक की गई, एफ एल येन गतिविधियों संचालित है। साथ ही Ver सर्वे समस्त शालायो में जारी शालाओ में नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास करें माध्यमिक शाला अधिंयारी में कक्षा पहली में 20 बच्चों का नामांकन हुआ है समस्त शाला स्टाफ को बधाई दी गई है।शिक्षको को समय पर शाला पहुँचने और एमडीएम रजिस्टर तैयार करने निर्देशित किया गया है निरीक्षण में जनशिक्षक दीपक दुबे ब्लाक साक्षरता प्रभारी सतीश साहू उपस्थित थे।

## एनीमिया मिटाओ रैबीज से बचाओ, हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला संपन्न

**गोटेगांव।** विगत दिवस करकबेल स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला कार्यक्रम मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के तहत शासकीय विद्यालय करकबेल में स्वस्थ शरीर सुरक्षित जीवन-एनीमिया और रैबीज से बचाव के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें बच्चों को रेबीज से होने वाले खतरे और उनसे बचाव की जानकारी श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव के द्वारा दी गई एवं बच्चों से प्रश्न मंच प्रतियोगिता के तहत इससे संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं उन्हें समझाया गया कि वह छोटे बच्चों एवं परिवार में इस तरह की घटना होने पर किस तरह से उसका बचाव करेंगे एनीमिया से होने वाले दिक्कतें जैसे पढ़ाई में मन ना लगा, कमजोरी, प्रदर्शन में कमजोर और उससे जुड़े समाधान जैसे आयरन प्लस फोलिक एसिड टेबलेट ले मिड डे मील भोजन में आयरन युक्त भोजन शामिल करें खेलकूद और शारीरिक व्यायाम को बढ़ावा दें जिससे भूख और खून दोनों बढ़ते हैं भोजन में विटामिन सी युक्त जैसे नींबू, आँवला गुड़ चना मूंगफली चीकू किशमिश अनार इडली आदि का सेवन करें एवं रैबीज से बचाव हेतु संक्रमित जानवर को पहचानना एवं किसी को काट देने पर तुरंत 15 मिनट तक उसे लगातार साबुन और पानी से धोना तुरंत अस्पताल जाकर रेबीज के इंजेक्शन लगवाना आदि जानकारी दी गई इसके उपरांत बच्चों के हाथों वृक्षारोपण करवाया गया एवं उन्हें पर्यावरण का महत्व समझाया और इसे सुरक्षित रखने के लिए भी आगाह किया गया, बच्चों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की एवं संकल्प लिया कि जिस क्षेत्र में वह रहते हैं वहां इस तरह की घटनाएं न हो वह इसका ध्यान रखेंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव ब्लॉक सचिव सुरेंद्र सक्सेना घनश्याम लोधी थाना ठेमी भास्कर पटेल प्राचार्य रघुवीर पटेल आनंद नेमा दीपक सोनी एवं मंजुला गुप्ता समस्त शिक्षा गण एवं बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही!



## बच्चों में संस्कारों को देने के साथ उनकी हर गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा व्यास ने कहा



**तेंदूखेड़ा।** श्रावण मास के दौरान जगह-जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं।इसी श्रृंखला के चलते आलीबाडा खिरेटी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान भागवत किंकर उपाधि से अलंकृत पं कृष्णकांत शास्त्री ने भारतीय संस्कृति को बचाने बढ़ावा देने के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की कथा के दौरान चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम आज बच्चों को शिक्षित करने भरपूर धन खर्च कर रहे हैं। यहां तक कि विदेश भेजकर शिक्षा ग्रहण करवा रहें हैं लेकिन उनमें संस्कार और संस्कृति हमारी परम्पराओं का बीजारोपण नहीं कर पा रहे हैं।हम पारिवारिक पृष्ठभूमि और शिष्टाचार को भूलकर केवल एक दूसरे की होड़ में लगे हुए हैं। पाश्चात्य सभ्यता का बाहुल्य होता चला जा रहा है। यदि इन गंभीर विषयों पर हमने चिंतन मनन नहीं किया तो परिणाम गंभीर होंगे। बच्चे अपने चाचा बुआ मौसी आस पड़ोस को भूलकर केवल एकाकी जीवन शैली में जीने का आदी होता चला जा रहा है। केवल और केवल मोबाइल फोन उसका सब कुछ हो गया है। कथा व्यास भगवान योगेश्वर की बाल लीलाओं संदीपनी गुरु के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की कथा प्रसंग पर अपनी वाणी के माध्यम से बोल रहे थे। उन्होंने माखन चोरी के पीछे केवल प्रभु भक्ति और उसमें ध्यान केंद्रित कराने को यह सब किया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता दूर दूर से पहुंच रहें हैं।

# श्मशानघाट पर नहीं हो पा रही समुचित सुविधाएं

### बना हुआ गंझदगी पूर्ण आलम

**तेंदूखेड़ा। मानव जीवन अपने संपूर्ण जीवन काल के सुविधा भोगी ऐशोराम के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ता है। लेकिन अंतिम समय में जिस चिता में जलकर उसे खाक होना है वहां की जरुरी व्यवस्था के लिए दो गज जमीन को वह जरा भी विचार नहीं कर पाता। तेंदूखेड़ा में मुख्य रूप से दो अलग-अलग स्थानों पर श्मशान घाट बनाए गए हैं। इनमें एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे तरफ और दूसरा हरसिद्धि मंदिर परिसर तरफ बना हुआ है। दोनों परिसरों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे तरफ स्थित श्मशान घाट पर नगर के अधिकांशतः वार्डों के शवदाह हुआ करते हैं ।जबकि हरसिद्धि मंदिर तरफ परिसर में सागौनी पटवारी टाल मुहल्ला तरफ के शवदाह दूरी और सुविधा के हिसाब से पहुंचा करतें हैं। अक्सर कर इन परिसरों में गंदगी पूर्ण आलम के साथ ना तो पर्याप्त छायादार शेड बैठने के लिए व्यवस्था नहाने धोने को पानी से लेकर सामुहिक श्रंद्धाजलि के लिए भी जगह का अभाव बना हुआ है। वहीं पूर्व में इस परिसर में तार बाड़ी से लेकर हेंडपंप की व्यवस्था हुई थी लेकिन अब वह भी नहीं बची हुई है। यहां तक कि नशैलचियों का एक सुरक्षित अघोषित अड्डा बना हुआ है। यहां पर जब एक साथ एक से अधिक शवदाह की स्थिति बनती है तो बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना पीड़ित पक्ष को करना पड़ता है।

### तीन साल पहले बन चुकी है डीपीआर

कोविड काल की त्रासदी के बाद श्मशान घाट पर होने वाली परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए यहां पर तीन साल पूर्व एक अधोसंरचना तैयार की गई थी। जिसमें मोक्षधाम शेड प्रतिक्षा हाल बाउंड्री वॉल शव रखने चबूतरा और अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को बैठने बैंच निर्माण परिसर की फिलिंग पेवर ब्लाग सहित लगभग 80 लाख की डीपीआर बनाकर भिजवाई गई थी। तकनीकी स्वीकृति हो जाने के बाद से आज तक इस व्यवस्था के लिए वजट ना होने की स्थिति में श्मशान घाट में उचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए तीन साल में शासन इस व्यवस्था बजट उपलब्ध ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

### शवदाह हेतु जलाऊ लकड़ी की किल्लत

तेंदूखेड़ा में शवदाह के लिए जलाऊ लकड़ी की किल्लत बनी हुई है।चूंकि पूर्व में यहां पर कुछ समाजसेवियों द्वारा जलाऊ लकड़ी क्रय करके निशुल्क व्यवस्था की जाती है ।लेकिन अनावश्यक दोहन और अशोभनीय व्यवहार के कारण व्यवस्थापकों के मन खिन्न हो जाते हैं।उनके द्वारा की जाने वाली व्यवस्था में सहयोग की जगह असहयोग भी ना हो तो भी व्यवस्था चलती रहती है । पहले पीड़ित वर्ग को शव दाह के लिए जलाऊ लकड़ी के लिए परेशान होना पड़ता है। तत्काल मुंह मांगे दामों पर यहां वहां से लकड़ी खरीदने के बाद ही शवदाह हो पाता है। वन विभाग में भी अब यह व्यवस्था नहीं रहती है जिस कारण से पीड़ित पक्ष को परेशान होना पड़ता है।कोविड काल से लेकर कुछ समय पूर्व तक यह व्यवस्था निशुल्क चलने के कारण सभी लोग निश्चिंत हो गये हैं।लेकिन कब तक जब तक उन्हें भी आसानी से लकड़ी मिल रही है तब तक। चूंकि वन विभाग चिट्ठा खरीद कर व्यवस्था बनाने तैयार तो हुआ था लेकिन भुगतान की समस्या और प्रभावशालियों के फोन के कारण लोग मनमाने तरीके से लकड़ी उठा कर ले जाने अनावश्यक अपव्यय के चलते यह व्यवस्था बंद कर दी गई है।

### सामूहिक प्रयासों की जरूरत

चूंकि नगर में बहुत सी सेवा भावी सामाजिक संस्थाएं और समाजसेवी है।जब जब अंतिम संस्कार में शामिल होकर यहां पहुंचते हैं तब तब जरुर उनके मन में सेवा के भाव देखने को मिला करतें हैं लेकिन वहां से लौटकर आने के बाद भाव खत्म हो जाते हैं। यहां पर सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।परिसर की गंदगी की सफाई के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सामूहिक तौर पर पूरी की जा सकती है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली इन संस्थाओं को आगे आकर मुहिम चलानी चाहिए।